# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

**दिनांकः 30.11.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **जयपुर में आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल और राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक संपन्न।**
- **उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा – विकसित भारत के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य को राष्ट्र अपने संकल्प से हासिल करेगा।**
- **सीकर की एक अदालत ने 2019 के ऑनर किलिंग मामले में लड़की के पिता को फांसी की सजा सुनाई–10 अन्य आरोपियों को उम्र कैद।**
- **काजरी संस्थान ने रेगिस्तानी क्षेत्र में अंजीर की खेती का सफल प्रयोग किया।**

0000

जयपुर में आज मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में अब से कुछ देर पहले मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की बैठक सम्पन्न हुई। इन बैठकों में कई महत्वपूर्ण निर्णय किये गये हैं। प्रदेश में उप चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद मंत्रिमंडल और मंत्रिपरिषद की यह पहली बैठकें हुई हैं, जो प्रदेश में 9 से 11 दिसंबर को होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट से ठीक पहले आयोजित हुई हैं। कुछ समय बाद होने वाली प्रेस वार्ता में मंत्रिमंडल की ओर से किये गये निर्णयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी जायेगी।

0000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि विकसित भारत अब सपना नहीं बल्कि चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है और राष्ट्र अपने संकल्प से इसे हासिल करेगा। श्री धनखड़ आज नई दिल्ली में आयोजित विकसित भारत 2047ः नए भारत 3.0 के विजन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर श्री धनखड ने कहा कि तंत्र में पारदर्शिता तथा जवाबदेही तय हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को संसाधनों के संरक्षक की तरह काम करना चाहिए और संसाधनों का अनावश्यक दोहन नहीं करना चाहिए।

000

ओडिशा के भुवनेश्वर में पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि प्रधानमंत्री ने अनौपचारिक चर्चाओं और नए विचारों को बढ़ावा देने के लिए हमेशा ही सम्मेलन में गहरी रूचि दिखाई है। सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटवर्ती सुरक्षा, साइबर अपराध, मादक पदार्थों की तस्करी से निपटने सहित नए आपराधिक कानूनों और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित किया जा रहा है। इस अवसर पर विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक भी प्रदान किए जाएंगे।

000

प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में आमजन को कतारों से मुक्ति दिलाने के लिए जल्द ही क्यू मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। इसकी शुरूआत पायलट मोड पर जयपुर के सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज से जुड़े कांवटिया अस्पताल और आयूएचएस मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जयपुरिया अस्पताल से की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा सचिव अंबरीश कुमार ने आज कांवटिया और जयपुरिया अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं के निरीक्षण के दौरान यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों अस्पतालों में सफलतापूर्वक इस सिस्टम के लागू करने के बाद प्रदेश के अन्य अस्पतालों में भी इसे लागू किया जाएगा। श्री कुमार ने इन दोनों अस्पतालों में व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल में श्रेष्ठ काम करने वाले पांच डॉक्टरों और नर्सिंग कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

000

सीकर में ऑनर किलिंग मामले में अपर ज़िला और सत्र न्यायालय ने बड़ा फैसला सुनाया है। न्यायाधीश ने लड़की के पिता को मौत की सजा और अन्य 10 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसमें चाचा और मामा सहित अन्य लोग शामिल हैं। वहीं तीन आरोपियों को बरी किया गया है। यह मामला साल 2019 का है, जब सीकर के आलोदा गांव की रहने वाली 19 वर्षीय लड़की और उसके प्रेमी की हत्या लड़की के पिता और सहयोगियों ने मिलकर की थी। हत्या के बाद शवों को उन्होंने जींणमाता इलाके की पहाड़ियों में फेंक दिया था। पुलिस ने जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

000

जोधपुर के काजरी संस्थान ने थार क्षेत्र में अंजीर की खेती को बढ़ावा देने के लिए एक सफल प्रयास किया है। इस प्रयास के तहत, बाड़मेर, जैसलमेर, गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में अंजीर की खेती करवाई जा रही है। काजरी संस्थान के वैज्ञानिकों ने अंजीर पर शोध कार्य किया और इसे थार क्षेत्र में उपजाने के लिए उपयुक्त बनाया। इस प्रयास में डायना किस्म की अंजीर को चुना गया, जो थार क्षेत्र की जलवायु के लिए

उपयुक्त साबित हुई है। काजरी संस्थान ने किसानों को प्रशिक्षित करने का काम भी शुरू किया है, ताकि वे अंजीर की खेती को सफलतापूर्वक कर सकें।

000

राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट से पहले राज्य सरकार की ओर से प्रति दिन किये जा रहे संकल्पों की श्रृखला में सरकार ने आज मिलेट को बढावा देने का संकल्प व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सेहत और स्वाद राइजिंग राजस्थान का आधार रहेगा। इसके लिए समिट मे स्वस्थ राजस्थान का संदेश देते हुए मिलेट से बने व्यंजनों को बढावा दिया जायेगा। गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री समिट के उदघाटन समारोह में पूरी तरह सौर उर्जा का उपयोग करने तथा हस्तशिल्प को बढावा देने का संकल्प व्यक्त कर चुके हैं।

000

अलवर में आज राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टर मीटर कार्यक्रम में 240 निवेशकों के साथ करीब 10 हजार 147 करोड़ रूपये के एमओयू किए गए। केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने बताया कि अलवर में शिक्षा, पर्यटन, ऑटोमोबाइल, केमिकल, एग्रो फूड सेक्टर में एमओयू हुए हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में एजुकेशन सेटर में निवेश करने के लियेकई लोग आगे आए हैं। श्री यादव ने कहा कि अलवर में टूरिज्म बढ़ाने के लिए योग उत्सव जैसे कार्यक्रम बड़े पैमाने करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अलवर में कन्वेंशन सेंटर बनाने पर विचार किया जा रहा है।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे के तहत राजगढ़ स्टेशन के विकास के लिये अमृत स्टेशन योजना में 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज बनाया गया है। गर्डर की सहायता से यह कार्य महज पौने तीन घंटे में पूरा किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि यह परियोजना रेलवे स्टेशनों के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। भरतपुर में अमृत स्टेशन योजना में 31 करोड़ 14 लाख रूपये की लागत से कार्य करवाये जा रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि स्टेशन पर 46 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे ने एसी कोच में उच्च गुणवत्ता के बैडरोल उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। रेलवे द्वारा एसी कोच में साफ़–सुथरे बैडरोल यात्रियों को देने के लिये रोजाना 55 टन से अधिक बैडरोल की मैकेनाइज्ड धुलाई की जा रही है। इसके कारण, बेडरौल की अनुपलब्धता और गंदे या फटे बेडरौल की शिकायतों में लगातार कमी आ रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष शिकायतों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत घटकर साढे 4 हजार के करीब रही।

000

केकड़ी में विश्‍व एड्स दिवस के सिलसिले में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में युवाओं को एड्स के बारे में जानकारी दी गई और इससे बचाव के तरीकों पर चर्चा की गई। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवीन जांगिड़ ने बताया कि एड्स संक्रमित रक्त, दूषित सुई या किसी एचआईवी पॉजिटिव व्यक्ति के संपर्क में आने से फैलता है। उन्होंने इसके बचाव के लिए सतर्क रहने पर जोर दिया।

000

पाली में सर्दी की दस्तक के साथ ही प्रवासी पक्षियों ने लाखोटिया उद्यान के तालाब के आसपास डेरा डाल लिया है। ये पक्षी पूर्वी यूरोप, साइबेरिया, मंगोलिया, पोलैण्ड सहित अन्य देशों से आते हैं। प्रवासी पक्षियों की आमद से पाली के लोगों में उत्साह है, और बड़ी संख्या में लोग इन पक्षियों को देखने के लिए लाखोटिया उद्यान और रोहट का रुख कर रहे हैं। वहीं पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से टोंक जिले के देवली में एक भामाशाह ने पक्षी विश्राम गृह की स्थापना की है।

000

भरतपुर जिला कुश्ती संघ की ओर से आयोजित दो दिन का महिला कुश्ती दंगल आज से शुरू हुआ। इस दंगल में राजस्थान के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली की 100 से ज्यादा महिला पहलवान भाग ले रही हैं। कल सेमीफाइल और फाइनल कुश्ती मुकाबले होंगे और पुरस्कार वितरण के साथ दंगल का समापन होगा।

000

ब्यावर जिले में मिनी सचिवालय बनाने के लिए 3 हेक्टेयर भूमि का आवंटन किया गया है। जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत ने इस बारे में आदेश जारी कर दिये हैं। यह मिनी सचिवालय ब्यावर तहसील के दौलतपुरा बलाईयान गांव में बनाया जाएगा। मिनी सचिवालय के बनने से जिला प्रशासन के विभिन्न विभाग एक ही जगह होने से काम में तेजी आएगी। इसके अलावा ब्यावर में सर्किट हाउस, पुलिस लाइन, राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय, विद्युत विभाग, चिकित्सा विभाग सहित कई विभागों के नये भवन बनाने के लिए भी भूमि आवंटन का काम चल रहा है।